ISO 9001 2008, 14001 2004

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
# Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(बिहार सरकार का उपक्रम)

पता: राजापुर पुल, पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड, पटना – 800001 / Rajapur Pul, West Boring Canal Road, Patna-800001, Website : http://buidco.in
CIN – U45200BR2009SGC014600

पत्रांकः– 07
दिनांकः– 09/02/2026

प्रेषक,

परियोजना निदेशक,(मुख्यालय)
बुडको, हॉकी टर्फ, पटना।

सेवा में,

**M/s Syncotts International**
**(Registration - Reg-I-2024-Buidco-Yo-193)**
J-219 lane W-15, Western Avenue,
Sainik Farms New Delhi-110080

विषय– **Supply and Installation of FIH Global Certified Hockey Turf in the Campus of Physical Education College, Rajendra Nagar, Patna under PMC Area** **निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के संबंध में।**

प्रसंग– 1.बुडको का पत्रांक–01, दिनांक– 09.01.2026 एवं पत्रांक– 03, दिनांक– 27.01.2026
2.आपका पत्रांक– शून्य, दिनांक– 28.01.2026

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र सं0–01 के माध्यम से Hockey Turf निर्माण कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था, जो आपके द्वारा प्रासंगिक पत्र सं0–02 के माध्यम से समर्पित किया गया है।

आपके द्वारा उल्लेखित है कि योजना के प्रारंभ में कार्य स्थल low land होने के कारण soil filling and dewatering के कारण विलंब हुआ है। Patna Metro से Soil supply तथा Mansoon 2025 में अतिवृष्टि से योजना के धीमी प्रगति का कारण दर्शाया गया है, जबकि इन सब कारणो पर विचार करते हुए एवं आपके द्वारा दिनांक– 13.06.2025 को समर्पित शपथ पत्र के आधार पर बुडको द्वारा दिनांक– 31.12.2025 तक आपको अवधि विस्तार प्रदान किया जा चुका है। पुनः यही कारणो का उल्लेख करते हुए धीमी प्रगति को दर्शाना उचित नही है, यह आपके द्वारा कार्य में बरती गई लापरवाही को दर्शाता है।

शपथ पत्र में आपके द्वारा समर्पित Program chart के आधार पर अक्टूबर 2025 माह तक GSB,WMM,BM एवं BC का कार्य पूर्ण किया जाना था, जबकि दिसम्बर 2025 में आपके द्वारा GSB एवं WMM का कार्य पूर्ण किया गया एवं जनवरी 2026 में GSB एवं WMM के गुणवत्ता जाँच कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

दिसम्बर 2025 में आपके द्वारा Bituminous Supply हेतु वाहन को दिन के समय में शहर में प्रवेश कराने के संबंध में अधोहस्ताक्षरी से अनुरोध किया गया जिसके आलोक में बुडको के पत्रांक– 37, दिनांक– 17.12.2025 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक (यातायात), पटना से अनुरोध करते हुए आपके Bituminous वाहन को प्रवेश की अनुमति प्रदान कराया गया है, इससे यह प्रतीत होता है कि स्वंय के द्वारा समर्पित Work Plan के आधार पर आपके द्वारा कार्य को पूर्ण करने की मंशा नही थी, अवधि विस्तार प्राप्त करने हेतु झुठा शपथ पत्र समर्पित किया गया था।

1242
09/02/26

आपके पत्रांक– शून्य, दिनांक –25.10.2025 के माध्यम से सूचित किया गया कि Turf की आपूर्ति की गई है एवं दिनांक– 12.11.2025 को Turf का गुणवत्ता प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। जबकि समर्पित Work Plan के अनुसार आपके द्वारा नवम्बर 2025 एवं दिसम्बर 2025 में Turf का Installation का कार्य पूर्ण किया जाना था।

आपके पत्रांक– शून्य, दिनांक– 16.10.2025 के माध्यम से Progress Report, Geotag Photos समर्पित किया गया, जिसमे समर्पित दिनांक– 15.10.2025 का Geotag Photo के अवलोकन से ज्ञात होता है कि कार्य स्थल कार्य हेतु पुर्णतः सूखा एवं उपयुक्त है। साथ ही 83 प्रतिशत प्रगति दर्शाया गया है, जो कि लगभग 2.5 माह के बाद भी कार्य की प्रगति में अपेक्षित बदलाव नही है। उक्त से प्रतीत होता है कि आपके द्वारा कार्य में उदासीनता एवं शिथिलता बरती गई है।

प्रासंगिक पत्र के माध्यम से दिनांक– 28.01.2029 को NCC प्राधिकार द्वारा heavy Vehicle के रोक लगाने को भी धीमी प्रगति का कारण बताया गया है, जबकि आपके द्वारा समर्पित Work Plan के आधार

Scanned with OKEN Scanner